# भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI)

[स्रोत: टाइम्स ऑफ़ इंडिया]

**बहादुर सिंह सागू को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI)** का **नया अध्यक्ष** चुना गया है।

- **बहादुर सिंह सागू** एक बार के **एशियाई पदक विजेता** और **दो बार** के राष्ट्रीय चैंपियन हैं, उन्होंने **वर्ष 2002 बुसान एशियाई खेलों** में **शॉट पुट** में **स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने वर्ष 2000 और 2004 के ओलंपिक** में भी भाग लिया था।

## भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI)

- **परिचय: AFI की स्थापना, 1946** में भारत में एथलेटिक्स के लिये एक **गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी, स्वायत्त** शीर्ष निकाय के रूप में की गई थी।
  - यह **विश्व एथलेटिक्स, एशियाई एथलेटिक्स एसोसिएशन (AAA**) और भारतीय **ओलंपिक संघ से संबद्ध** है।
- **उद्देश्य: एथलेटिक्स को लोकप्रिय** बनाना, एथलीटों के प्रदर्शन में सुधार लाना और खेल को व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य बनाना।
- **संरचना:** AFI में 32 संबद्ध राज्य और संस्थागत इकाइयाँ शामिल हैं।
- **कार्य: यह अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये टीमों का चयन करता है, राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेज़बानी करता है, तथा एथलेटिक्स को आगे बढ़ाने के लिये प्रतियोगिताओं का उपयोग करता है। इसके अतिरिक्त, यह कोचिंग कार्यक्रमों, प्रतिभा-विकास शिविरों और जमीनी स्तर पर विकास पर ज़ोर देता है।**

## विश्व एथलेटिक्स दिवस:

- **यह प्रतिवर्ष 7 मई** को मनाया जाता है (पहला दिवस 15 मई 1996 को मनाया गया था)।
- इसकी स्थापना **वर्ष 1996 में अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ (IAAF)** द्वारा की गई थी, जिसे अब **विश्व एथलेटिक्स के नाम से जाना जाता है**, जिसका उद्देश्य एथलेटिक्स में युवाओं की **भागीदारी** को बढ़ावा देना है।

**और पढ़ें: एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/athletics-federation-of-india-afi-1